Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway connectivity in western Rajasthan -laid.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मै सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र पाली ही नहीं बल्कि पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, सिरोही, नागौर व अन्य जिलों के रहने वाले प्रवासियों की रेल यात्रा की समस्या की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूगां कि इन जिलों के लगभग 20 लाख से अधिक लोग शिक्षा, व्यापार, नौकरी आदि के लिए सूरत, बैंगलोर, मुम्बई, पुणे , चैन्नई व हैदराबाद जैसे शहरों में रहते हैं । इन लोगों को समय-समय पर अपने घर आना-जाना होता है, जिसके लिए रेल यात्रा ही एक मात्रा उपयुक्त साधन है, लेकिन पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर शहर से इन स्थानों के लिए पर्याप्त रेल सुविधा नहीं है, केवल साप्ताहिक या सप्ताह में दो बार ही रेल इन शहरों से आने-जाने के लिए उपलब्ध है । उक्त ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट काफी लम्बी है, दो से तीन महीने बाद का भी टिकट लेने पर वेटिंग ही मिलती है । इस कारण से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामाना करना पड़ता है ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इन गन्तव्य स्थानों पर आने-जाने की रेल सुविधा के बारे में अध्ययन करवाते हुए सम्बन्धित ट्रेनों के फेरे प्रतिदिन के लिए निर्धारित करने का फैसला इस बजट सत्र में करने की कृपा करावें ।